कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

विज्ञप्ति

सर्वसम्बन्धित के सूचनार्थ विज्ञापित एवं प्रसारित किया जाता है कि वर्ष 2023 की हाईस्कूल इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट एवं इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करने वाले परीक्षार्थियों की **दिनांक 15 जुलाई 2023 (दिन शनिवार)** को आयोजित किये जाने हेतु पूर्व निर्गत विज्ञप्ति पृष्ठांकन संख्या मा0शि0प0/सिस्टम सेल/151(1–9) दिनांक 22 जून, 2023 को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

वर्ष 2023 की हाईस्कूल इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट एवं इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षाएं अब दिनांक 22 जुलाई, 2023 (शनिवार) को संशोधित कार्यक्रमानुसार निम्नानुसार सम्पादित करायी जायेंगीः–

1– हाईस्कूल इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट परीक्षा – दिनांक 22–07–2023 प्रातः पाली में 08:00 से 11:15 बजे तक।

2– इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षा – दिनांक 22–07–2023 सायं पाली में 02:00 से 05:15 बजे तक।

हाईस्कूल इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट परीक्षा हेतु 18,400 तथा इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु 26,269 कुल 44,669 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए हैं। ये परीक्षाएं प्रदेश के कुल 96 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पादित होंगी।

हाईस्कूल इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट एवं इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षाएं जनपद मुख्यालय पर जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा निर्धारित किये गये परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होंगी। जिला विद्यालय निरीक्षक परीक्षा केन्द्रों पर निम्नांकित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायेंगेः–

1– परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थी/केन्द्र व्यवस्थापक/अध्यापकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के अतिरिक्त वाह्य व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतया वर्जित रहेगा।

2– केन्द्र व्यवस्थापक ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे, जिससे कि परीक्षा केन्द्र के प्रवेश द्वार पर परीक्षार्थियों की अनावश्यक भीड़ एकत्रित न होने पाये। इसी प्रकार परीक्षा समाप्ति के पश्चत् भी ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय।

3– परीक्षा कक्ष के भीतर परीक्षार्थियों को मोबाइल, पेजर, अथवा किसी भी प्रकार के अन्य इलेक्ट्रानिक्स उपकरण ले जाना पूर्णतया वर्जित रहेगा।

4– परीक्षा अवधि में कक्षों में वाइस रिकार्डर युक्त सी0सी0टी0वी0 कैमरे एवं राउटर आदि पूर्णतया क्रियाशील रहेंगे।

5– परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्नपत्रों के रख–रखाव की समग्र व्यवस्था मुख्य परीक्षा की भांति निर्धारित स्ट्रांग रूम में डबल लाक युक्त आलमारी में ही की जायेगी। स्ट्रांग रूम 24X7 दिन क्रियाशील वायस रिकार्डर युक्त सी0सी0टी0वी0 की निगरानी में रहेगा। प्रश्नपत्रों के पैकेटों को केन्द्र–व्यवस्थापक, वाह्य केन्द्र–व्यवस्थापक एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट के समक्ष सी0सी0टी0वी0 कैमरे की निगरानी में ही खोला एवं वितरित किया जायेगा।

सम्बन्धित परीक्षार्थी परिषद की वेबसाइट www.upmsp.edu.in से अपने प्रवेशपत्र डाउनलोड कर अथवा पंजीकृत विद्यालय के प्रधानाचार्य से सम्पर्क स्थापित कर अपना प्रवेश–पत्र प्राप्त कर उसे अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य से प्रतिहस्ताक्षरित कराकर निर्धारित तिथि को परीक्षा प्रारम्भ होने के 45 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र पर अवश्य पहुँच जांय, जिससे परीक्षार्थियों को सुनियोजित एवं नियंत्रित ढंग से परीक्षा कक्षों में बैठाये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जा सके।

(दिब्यकान्त शुक्ल)
सचिव।

पृष्ठांकन संख्याः मा0शि0प0/सिस्टम सेल/161(1-9) दिनांकः 26 जून 2023

उक्त की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1– सम्पादक दैनिक समाचार पत्र .... को इस अनुरोध के साथ कि विज्ञप्ति को जनहित में अपने समाचार पत्र के समस्त संस्करणों में मुख्य पृष्ठ पर निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

2– निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–7, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

3– महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

4– समस्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।

5– समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि वे अपने स्तर से इसका व्यापक प्रचार–प्रसार करायें।

6– अपर सचिव, मा0शि0प0, क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी एवं गोरखपुर को इस आशय से प्रेषित है कि अपने स्तर से इसका व्यापक प्रचार–प्रसार करायें।

7– वैयक्तिक सहायक, शिक्षा निदेशक (मा0), शिविर कार्यालय, 18 पार्क रोड, लखनऊ।

8– उप सचिव (समन्वय), मा0शि0प0 मुख्यालय प्रयागराज को इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट परीक्षा की विज्ञप्ति को राजकीय गजट में प्रकाशित कराये जाने हेतु।

9– उप सचिव केन्द्रीय यूनिट/गोपनीय अनुभाग, मा0शि0प0 मुख्यालय, प्रयागराज।

(दिब्यकान्त शुक्ल)
सचिव।